चेहरा तेरा | by Anjali Dwivedi

एक दस्तक हुई दिल पर तेरे दीदार से
हो गए हम तेरे देखा जो तूने प्यार से
चेहरे चेहरे में नज़र आये चेहरा तेरा

चेहरे चेहरे में नज़र आये चेहरा तेरा
बांध गया तुमसे श्याम बंधन ये गहरा मेरा
चेहरे चेहरे में नज़र आये चेहरा तेरा

पहले खुद को लताएं वन की हम बनाएंगे
आके खाटू में तेरे चरणों से लिपट जायेंगे
हम पे पद जाए जो तेज नैनो को सुनेहरा तेरा
चेहरे चेहरे में नज़र आये चेहरा तेरा

तुझसे लागि लगन हमारी अब ना छूटेगी
प्रेम की डोर तेरी मेरी ना श्याम टूटेगी
क्यूंकि दिल पे हमारे रहता है पहरा तेरा
चेहरे चेहरे में नज़र आये चेहरा तेरा

पास में अपने राखी मैंने निशानी तेरी
तब से होने लगी अमर हर कहानी मेरी
सजाया चुन चुन के फूलों से ये सेहरा तेरा
चेहरे चेहरे में नज़र आये चेहरा तेरा

आज तक़दीर को हम अपनी आज़मायेंगे
पाके धीरज दीवाना दिल को हम बनाएंगे
अंजलि के लबों पे नाम है ठहरा तेरा
चेहरे चेहरे में नज़र आये चेहरा तेरा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9a%e0%a5%87%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-anjali-dwivedi/